राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल को फोन कर जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 1 जुलाई। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को फोन कर जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। उपराष्ट्रपति ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

विभिन्न प्रदेश के राज्यपालो ने भी बधाई दी

जन्मदिन के अवसर पर राज्यपाल श्री मिश्र को असम के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया, महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस, गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत, मेघालय के राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सहित विभिन्न राज्यपालो एवं गणमान्यजनों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

———————

मुख्य सचिव ने राज्यपाल को जन्म दिन की बधाई दी

जयपुर, 1 जुलाई। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने सोमवार को राजभवन पहुंच कर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को जन्मदिन पर पौधा भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्य सचिव ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

—————— ,